आठ क्षेत्रों का उत्पादन 3.1% बढ़ा

नई दिल्ली | एजेंसी

नवंबर में आठ प्रमुख क्षेत्रों के उत्पादन में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, पिछले साल की समान अवधि में इसमें 1.1 प्रतिशत गिरावट रही थी।

सरकार की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, कच्चे तेल और सीमेंट को छोड़कर बाकी सभी प्रमुख क्षेत्रों ने नवंबर 2021 में सकारात्मक वृद्धि दर हासिल की। अक्टूबर में इन क्षेत्रों का प्रदर्शन 8.4 प्रतिशत सुधरा था।

कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, स्टील, सीमेंट और बिजली ढांचागत गतिविधियों के प्रमुख क्षेत्र माने जाते हैं। इन्हें अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्र के तौर पर इंगित किया जाता है। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों यानी अप्रैल-नवंबर में इन प्रमुख क्षेत्रों की वृद्धि दर 13.7 फीसदी रही। वर्ष 2020 की समान अवधि में ये क्षेत्र 11.1 प्रतिशत की गिरावट पर रहे थे।

चीन के विनिर्माण क्षेत्र में सुधार, निर्यात में नरमी

नई दिल्ली। चीन की अर्थव्यवस्था में दिसंबर के दौरान अप्रत्याशित तेजी दिखी है। वहां की राष्ट्रीय एजेंसी-नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टैटस्टिक्सि (एनबीएस) द्वारा शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार देश का परचेजिंग मैनेजर्स सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर 2021 में बढ़ कर 50.3 हो गया, जो नवंबर में 50.1 था। पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि चीन का दिसंबर का पीएमआई 50 अंक से नीचे चला जाएगा। वहीं, दिसंबर में विनिर्माण उद्योग के नए ऑर्डर में हल्का सुधार हुआ और यह नवंबर के 49.4 से बढ़ कर 49.7 पहुंच गया। नए निर्यात ऑर्डर का सूचकांक भी नवंबर के 48.5 अंक से घटकर दिसंबर में 48.1 रहा।